नस्ली समानता के बढ़ावे के लिए
वर्तमान और आगे होने वाले कदम

इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (Inland Revenue Department)

इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) के पास अनेक कर संबंधित नियमों का पालन करवाने का उत्तरदायित्व है। अपने सांविधिक कर्तव्यों को निभाने हेतु, इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) की कोशिश है की वह करदाताओं को उत्तम सेवा प्रदान करे और करदाताओं द्वारा स्व अनुपालन को बढ़ावा दे।

इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) की सभी सेवाएँ नस्ल निरपेक्ष हैं। बिना नस्ल की परवाह करते हुए, इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) इस बात को महत्व देता है की जनता को समान रूप से सेवा मिले।

सम्बंधित सेवाएँ

- जनता को इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट(IRD) की सेवा सम्बंधित सूचनाएँ इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) की वेबसाइट, काउंटर सेवा और दूरभाष सेवा से मिल सकती हैं। दूरभाष सेवा में पूछताछ सेवा, इलेक्ट्रॉनिक सेवा, कर रिटर्न पूरा करने की सहायता सेवा, विभाग या केंद्र के अफ़सर के साथ दूरभाष सम्पर्क या मुलाक़ात की सेवा उपलब्ध हैं।

- जनता को कर सम्बंधित पूछताछ सेवाएँ निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

- जो लोग मूल प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, उन सबको इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) में नौकरी करने का अवसर बिना उनके नस्ल या संजाती को देखे हुए प्राप्त होगा।

वर्तमान कदम

- यदि जनता की पूछताछ- बोली के रूप में या लिखित रूप में- चीनी भाषा या अंग्रेज़ी भाषा में की जाएगी, तो पूछताछ का उत्तर उसी भाषा में दी जाएगी। यदि कोई चीनी या अंग्रेज़ी नहीं बोलते हैं, इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) विभाग उनके लिए अनुवाद और व्याख्या सेवाओं की व्यवस्था करेगा ।

- सभी कर रिटर्न , जानकारी पत्रक , पर्चे और प्रपत्र चीनी और अंग्रेज़ी भाषा में उपलब्ध हैं। कर वसूली के लिए डिमांड नोट या तो द्विभाषीय हैं या तो करदाताओं द्वारा चुने हुए चीनी या अंग्रेज़ी भाषा में उपलब्ध हैं । जहां उचित और सम्भव हो, इनलैंड रेवेन्यू

डिपार्टमेंट (IRD) विभाग व्याख्या और अनुवाद की सेवाएँ प्रदान करेगा ।

- जनता सेवा काउंटर के मुख्य स्थानों पर चीनी और अंग्रेज़ी भाषाओं के अतिरिक्त निम्नलिखित आठ भाषाओं में प्रमुख सेवा पत्रक दर्शित हैं। (भाषा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, तगालोग, थाई, उर्दू, पंजाबी और वियतनामी)

- इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) वेबसाइट पर जानकारी चीनी और अंग्रेज़ी भाषाओं दोनों में उपलब्ध है । इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट IRD वेब्पेज पर एक पत्रक है जो चीनी , अंग्रेज़ी और आठ अन्य भाषाओं में (भाषा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, तगालोग, थाई, उर्दू , पंजाबी और वियतनामी) उपलब्ध हैं जिसके माध्यम से इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट IRD द्वारा दिए जाने वाली सेवाओं का विवरण विभिन्न नस्ल के लोगों तक पहुँचाने में सहायता करता है ।

- "विभिन्न नस्ल के लोगों के लिए जानकारी", इस विषय पर इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट(IRD)के होमपेज पर एक शोर्ट्कट उपलब्ध है जो सरल तरीक़े से अलग अलग भाषाओं में विभिन्न नस्ल के लोगों को जानकारी प्रसारण करती है।

- उपभोग कर्ताओं के भाषा के विकल्प आगे के लिए दर्ज कराए जाएँगे।

- इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) का प्रयास है कि उसकी सेवाएँ नस्ल निरपेक्ष रहें और इसके लिए इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट(IRD) अपने वर्तमान कदमों का नियमित रूप से समीक्षा करते हैं।

भविष्य के काम का निर्धारण

- इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) वर्तमान कदमों को अमल करते हुए, समय समय पर उन कदमों का नियमित रूप से समीक्षा करेगा। जनता और कर्मचारियों के प्रतिक्रिया और सुझाव लेकर इन कदमों की बढ़ौती करेगा।

अतिरिक्त लिए गए कदम / लिए जाने वाले कदम

- उन कर्मचारियों को, जिन्हें ग़ैर चीनी या ग़ैर अंग्रेज़ी भाषा के उपभोगताओं को सेवा प्रदान करना है, इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) उनको नस्ली समानता पर प्रशिक्षण देगा ताकि इस मुद्दे पर उनकी समझ और जागरूकता बढ़े।

- बिना नस्ल और संकरी की परवाह करते हुए, समुदाय को सरलता से उच्च कोट की सेवा प्रदान करते रहने के लिए, इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) में वर्षों से कर्मचारी के सुझाव सुनने (Staff Suggestions Scheme) का और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा पुरस्कार (Outstanding Customer Service Awards) का प्रचलन रहा है।

- सामान्य जन के चीनी या अंग्रेजी ना बोलने वाले सदस्यों के लिए IRD ने चयन के लिए समर्पित इंटरैक्टिव पूछताछ सेवा में एक भाषा विकल्प "4-अन्य भाषाएं" जोड़ा है। हमारे कार्यालय के कार्य समय के दौरान, वे "4" दबाकर मुफ्त व्याख्या सेवाओं के लिए अपनी कॉल को सीधे CHEER की 1-सरल कॉल हॉटलाइन पर पुनर्निर्देशित करने का विकल्प चुन सकते हैं।

सार्वजनिक पूछताछ

- इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) के पास सामान्य पूछताछ और विशेष कर सम्बंधित विषयों का संचालन करने के किया निम्नलिखित सेवाएँ उपलब्ध हैं। २४ घंटे की इंटरैक्टिव पूछताछ सेवा (दूरभाष नम्बर 187 8088) फ़ैक्स सेवा , ईमेल सेवा

- जनता के सुविधा के लिए, इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (IRD) के वेबसाइट (https://www.ird.gov.hk) पर सम्पर्क करने की जानकारी चीनी भाषा और अंग्रेज़ी भाषा सहित 10 भाषाओं में उपलब्ध है।

नस्ली समानता के बढ़ाव के लिए वर्तमान और आगे के कदमों के बारे में पूछताछ के लिए इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट IRD, Deputy Departmental Secretary (Accommodation) को निम्नलिखित तरीक़ों से सम्पर्क करें।

दूरभाष	:	2594 5283
फ़ैक्स	:	2802 7597
ईमेल	:	accommodation@ird.gov.hk

डाक : 2/F, Inland Revenue Centre, 5 Concorde Road,
Kowloon, Hong Kong

इनलैंड रेवेन्यू डिपार्टमेंट (Inland Revenue Department)

अक्टूबर 2025